हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 मार्च 2024

**तापमान**
अधिकतम 21.9 डिग्री
न्यूनतम 5.2 डिग्री

11 आज विस स्तर पर नारी शक्ति वंदन मैराथन, कल मोदी ..



12 किसानों ने दूसरे दिन भी की डीसी कार्यालय पर..



## शहर में आज

- वैश्य कॉलेज में एनएसएस शिविर सुबह 10 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11 बजे से
- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हवन संगोष्ठी सुबह 11 बजे
- राजीव गांधी विद्युत भवन में बिली उपभोक्तओं की शिकायतें सुनीं जाएंगी 11 से 1.30 बजे तक
- भाजपा आज मैराथन करवाएगी

## खबर संक्षेप

### आज व कल राज्यपाल बडारू दत्तात्रेय रोहतक में



**रोहतक।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय 5 और 6 मार्च को रोहतक में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। राज्यपाल 5 मार्च को शाम 4:30 बजे एलपीएस बोसार्ड प्राइवेट लिमिटेड का दौरा करेंगे। 6 मार्च को सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर महर्षि दयानंद विश्व विद्यालय में होने वाले फ्लावर फेस्टिवल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके बाद बंडारू दत्तात्रेय सुबह 10 बजकर 30 मिनट पर श्रीलाल नाथ हिन्दू कॉलेज में आयोजित होने वाले दीक्षांत समारोह में भी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### मदविः दो प्राचार्य कोर्ट सदस्य मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 9 के प्रावधानों के तहत राजकीय महाविद्यालय दुजाना की प्राचार्य डॉ. तराना नेगी तथा राजकीय महाविद्यालय महम की प्राचार्या डॉ. संतोष हुड्डा को यूनिवर्सिटी कोर्ट का सदस्य मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर यूनिवर्सिटी कोर्ट सदस्य डा. नेगी तथा डॉ. हुड्डा की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से दो वर्ष हेतु की गई।

### हरियाणा की कोर्फबाल टीम का चयन 10 को

**रोहतक।** कोर्फबाल फैडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान 35वीं सीनियर तथा 19वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता आगरा शारदा विश्वविद्यालय में 17 से 20 मार्च तक आयोजित की जा रही है। जिसके लिए हरियाणा की टीम का चयन सीधे ट्रायल के आधार पर किया जाएगा। कोर्फबाल एसोसिएशन हरियाणा के सचिव डॉ. प्रदीप कुंडू ने बताया कि 10 मार्च को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक वीएन मैमोरियल स्कूल में ट्रायल होगा।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने गांव सांघी निवासी विक्रम पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में आरोपी को गिरफ़्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश जेल भेजा गया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि 25 अक्टूबर 2023 को पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव सांघी घर में फॉयरिंग हुई है। पुलिस ने गांव सांघी निवासी विक्रम की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई।

### एमडीयूः आज महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती पर यज्ञ

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 5 मार्च को महर्षि दयानंद सरस्वती के 200वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में हवन यज्ञ तथा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। महर्षि दयानंद एवं वैदिक अध्ययन केन्द्र के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि हवन यज्ञ कार्यक्रम 11 बजे आयोजित किया जाएगा।

---

### रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के प्रभावित दुकानदारों का मामला

# दुकानदारों ने दिए सहमति पत्र, रिहायशी भवनों को मुआवजे की मंजूरी का इंतजार

- सड़क की जगह स्थित दुकानों को तोड़ने का कार्य जारी जल्द होगा सड़क का निर्माण शुरू
- अब तक 42 दुकानदारों को मिल चुकी दुकानें और 16 दुकानदारों को मुआवजा

**दुकानों को तोड़ने का कार्य जारी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के प्रभावित 75 दुकानदारों ने सहमति पत्र नगर निगम में जमा करवा दिए हैं। जिनमें से दो चरणों में 42 दुकानदारों को पॉवर हाउस पर दुकानें अलॉट करवाई जा चुकी हैं। इसके अलावा अन्य दुकानदारों, जिन्होंने दुकान लेने से मना किया है, को मुआवजा दिया जा रहा है। अब तक 16 दुकानदारों को मुआवजा दे दिया गया है। अन्य दुकानदारों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके साथ ही सड़क की जगह को खाली कराने के लिए गांधी कैंप में दुकानों को तोड़ने का कार्य निरंतर जारी है। जिसके बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

विगत सप्ताह निगम के तत्कालीन आयुक्त प्रदीप दहिया ने गांधी कैंप का निरीक्षण किया था। उन्होंने सड़क निर्माण के लिए दुकानों को तोड़ने का कार्य शुरू करवाया था। चिन्योट कॉलोनी से लेकर राजीव गांधी खेल काम्प्लेक्स तक सड़क निर्माण किया जाना है। इस पर करीब 21 करोड़ रुपये खर्च होने हैं। इसके अलावा पुरानी रेलवे लाइन हटाने के लिए भी टेंडर दिया जा चुका है। सड़क के निर्माण होने के बाद आधे शहर को फायदा होगा। न केवल जाम से मुक्ति मिलेगी बल्कि जमीन के भाव आसमान तक जा पहुंचेंगे। इस सड़क का शहरवासी लम्बे समय से इंतजार कर रहे हैं। इस प्रोजेक्ट से जहां कई दशक पुरानी समस्या बजरंग भवन, शीला बाईपास, दिल्ली रोड स्थित रेलवे लाइन पर लगने वाले जाम की समस्या का समाधान हुआ वहीं सड़क बनने से नए बाजार विकसित होंगे।

#### न जमीन मिली न ही मुआवजा

रेलवे एलिवेटेड ट्रैक के लिए 77 दुकानों की जगह ली गई थी। इसके अलावा 81 रिहायशी भवनों की जमीन इस ट्रैक के लिए ली गई है। दुकानदारों को मुआवजा और दुकानें देने की प्रक्रिया अंतिम चरण में हैं। लेकिन अभी तक रिहायशी भवन मालिकों के लिए न तो मुआवजा फाइनल हो पाया है और न ही जमीन मिल पाई है। नगर निगम को मुआवजे के लिए मंजूरी मिलने का इंतजार है।

#### विवेकानंद कॉम्प्लेक्स में 42 दुकानें अलॉट

पॉवर हाउस स्थित स्वामी विवेकानंद कॉम्प्लेक्स में 112 दुकानें बनाई गई हैं। प्रथम तल और पहली मंजिल पर 56-56 दुकानें हैं। पहले चरण में करीब 35 दुकानदारों से सहमति पत्र लेकर ड्रॉ द्वारा दुकानें अलॉट की गई थी। इसके बाद 6 और दुकानदारों को दुकानें अलॉट की जा चुकी हैं। अब कुछ दुकानदारों को छोड़कर बाकि दुकानदार मुआवजा लेने की मांग पर अड़े हुए हैं।

#### अजय कुमार को मिला नगर आयुक्त का कार्यभार

सरकार ने नगर निगम के लिंक आयुक्त प्रदीप दहिया का हाल ही में स्थानांतरण किया है। उनके जाने के बाद नगर निगम आयुक्त का कार्यभार रोहतक के डीसी अजय कुमार को सौंपा गया है। इससे पहले भी डीसी अजय कुमार को निगम आयुक्त का कार्यभार सौंपा गया था। निगम के तत्कालीन आयुक्त जितेंद्र दहिया के शिक्षा विभाग में तबादले के बाद अब तक निगम को स्थाई आयुक्त नहीं मिल सका है।

---

# गांव भैणी चंद्रपाल में देर शाम घर में घुसकर किसान की गोली मारकर हत्या

**पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी, आरोपी मौके से फरार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



मृतक रूप सिंह।



गांव भैणी चंद्रपाल में देर शाम 7.24 मिनट पर एक किसान की घर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पता चला है कि गोली किसान की छाती में लगी है। हालांकि अभी तक गोली मारने वालों की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस जांच के अनुसार हत्या जमीनी विवाद के कारण हुई है। हत्यारे परिचित हो सकते है। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। हत्याकांड के बाद गांव में तनाव का माहौल है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गांव भैण चंद्रपाल निवासी करीब 50 वर्षीय रूप सिंह के रूप में हुई है। जो सोमवार को घर पर ही मौजूद था। देर शाम कुछ लोग घर पर पहुंचे और उसे गोली मार दी। गोली सीधी रूप सिंह की छाती में जा लगी और वह गोली लगते ही जमीन पर गिर गया। वारदात को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। जिसके बाद परिजनों ने रूप सिंह को संभाला और उपचार के लिए महम के अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने रूपसिंह को मृतक घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक का एक बेटा नेवी में कार्यरत है जबकि दूसरा बेटा प्राइवेट नौकरी करता है।

#### की जा रही जांच

गांव भैणी चंद्रपाल में रूप सिंह की गोली मारकर हत्या करने की सूचना मिली थी। अभी तक की जांच में जमीनी विवाद में हत्या करना सामने आया है। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। परिजनों की शिकायत पर पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।
**-विद्यानंद**, थाना प्रभारी, महम

---

# कार ने आईएएस की कार में मारी टक्कर झांड़ियों में उतरी गाड़ी, बचे दोनों भाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



लाखन माजरा स्थित घरौंठी मोड़ पर पीछे से आ रही तेजरफ्तार कार ने आईएएस की कार में टक्कर मार दी। हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि इस दौरान हादसे में दोनों भाई बाल-बाल बच गए। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी। जींद के जुलाना निवासी सतीश कुमार ने लाखनमाजरा पुलिस थाना को दी शिकायत में बताया कि वह जुलाना से रोहतक आ रहे थे। उसके साथ कार में उसका छोटा भाई आईएएस रिंकू लाठर भी सवार थे। फिलहाल रिंकू लाठर त्रिपुरा में एसडीएम के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि जब वे रात को करीब साढ़े 9 बजे रोहतक में घरौंठी मोड़ के नजदीक पहुंचे तो एक कार ने पीछे से उनकी कार को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि पीछे से आ रही कार तेज रफ्तार थी और चालक लापरवाही से गाड़ी को चला रहा था। जिसके कारण यह हादसा हुआ है। सतीश ने आरोप लगाया कि चालक शराब के नशे में भी था। पीछे से आ रही गाड़ी की टक्कर के कारण उनकी कार सड़क से नीचे झाड़ियों में चली गई। वहीं आरोपी कार चालक फरार हो गया। लाखनमाजरा थाना पुलिस के जांच अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बातया मामले की जांच शुरू कर दी।

---

# महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

**डीएसपी बोले, सरकार ने हर जिले में खोले महिला थाने, डायल 112 एप करें डाउनलोड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय व रेडियो एवं प्रेस संपर्क अधिकारी कार्यालय रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में एमकेजेके महाविद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि डीएसपी हेडक्वार्टर रवि खुंडिया रहे। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सचेत है। सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में महिला थाने खोले गए हैं। डायल 112 एप डाउनलोड करके पुलिस की मदद ली जा सकती हैं। समय-समय पर पुलिस द्वारा सरकार की नवीनतम सूचनाओं को साझा किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्कूल और कॉलेज में समय-समय पर अनेक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाते हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अनेक कानून बनाए गए हैं। महिलाओं को उनके कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी जाती है। वर्तमान में प्रदेश सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर अनेक कदम उठाए हैं।



**रोहतक।** कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि डीएसपी हेडक्वार्टर रवि खुंडिया।

#### अज्ञात लिंक को न खोलें

डीएसपी ने साइबर अपराध से बचने के लिए सचेत करते हुए कहा कि किसी भी अज्ञात लिंक को ना खोलें और ना ही अपने ओटीपी को सांझा करें। सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अपनी निजी जानकारी और अपने फोटो शेयर करने से बचें। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि कोई घटना घटे तो 112 पर सूचना दें। उन्होंने छात्राओं द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए।

#### बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं

महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर रश्मि लोहचब ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय की वूमेन सेल इंचार्ज डॉक्टर सीमा, विभाग के प्रेस सलाहकार नवीन नैन, असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मंजू, डॉ. प्रियंका, रेणु आदि मौजूद रहे।

---

**मदवि के हॉस्टल में घटना**

### छात्र के पिता को किडनैपिंग की बात कहकर मांगे एक लाख, पिता ने भेजे 10 हजार

- पुलिस को इसके बारे में सूचित कर दिया गया

**रोहतक।** बी. फार्मेसी प्रथम वर्ष में पढ़ने वाले शिवानी गांव (भिवानी) के नवदीप जो कि एमडीयू के एवरेस्ट हॉस्टल के कमरा नंबर 19 में रहता है। उसके पिता के पास सोमवार रात करीब 8 बजे फोन आया है कि हमने तुम्हारे बेटे को एमडीयू के हॉस्टल में किडनैप कर रखा है। जल्दी से 1 लाख रुपये लेकर आजाओ और अपने बेटे को छुड़ा ले जाओ । पिता ने बेटे के पास फोन किया तो बेटे व्यस्त होने के कारण फोन नहीं उठा पाया और पिता ने जल्दी में 10 हजार रुपये उस नंबर पर भिजवा दिए। बाद में नवदीप का फोन मिल जाता है और वो बताता है की उसको किसी ने नहीं पकड़ रखा। ऐसे में परिवार डरा हुआ है और पुलिस को इसके बारे में सूचना दे दी ।

---

**महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में कार्यक्रम**

## 6 को रंग बहार में विकसित भारत @2047 की झलक दिखेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 6 मार्च को आयोजित किए जाने वाले फ्लावर फेस्ट- रंग बहार में विकसित भारत @2047 की झलक दिखेगी, वहीं हरियाणा संस्कृति की खुशबू भी महकेगी। एफडीसी भवन के लॉन में आयोजित होने वाले इस पुष्प उत्सव में सतरंगी फूलों की छटा बिखरेगी। इस रंग-बिरंगे फूल उत्सव का शुभारंभ बतौर मुख्यातिथि हरियाणा के राज्यपाल एवं एमडीयू के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय करेंगे। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दिशा-निर्देशन में रंग बहार कार्यक्रम के शानदार आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। फूलों की विभिन्न प्रजातियां इस कार्यक्रम की सुंदरता में चार चांद लगाएंगी। बॉटनी विभागाध्यक्ष प्रो. विनिता हुड्डा इस आयोजन की कंवीनर हैं। उन्होंने बताया कि इस शानदार उत्सव के आयोजन को लेकर एमडीयू परिवार दिन-रात तैयारियों में जुटा है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. रणदीप राणा ने बताया कि रंग बहार कार्यक्रम गत वर्ष की तरह इस बारे भी खुशियों की महक बिखेरेगा।

#### नेस्ट मेकिंग -बोनसाई मेकिंग कार्यशालाएं आकर्षण का केंद्र होगा

निदेशक युवा कल्याण डॉ.जगबीर राठी ने कहा कि रंग बहार कार्यक्रम में नेस्ट मेकिंग तथा बोनसाई मेकिंग कार्यशालाएं मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। इस रंग बहार इवेंट में फ्रेश फ्लावर, फ्लोरल एक्जीबिट्स, फोलिएज प्लांट्स, बोनसाई, कैक्टस, रंगोली, फोटोग्राफी, पेंटिंग, वेजिटेबल कार्विंग, आन द स्पॉटर रील मेकिंग, बेस्ट नर्सरी ट्राफी, बेस्ट गार्डन आदि प्रतियोगिताएं होंगी। इसके अलावा घूम-घूम कर दर्शकों का मनोरंजन करने वाले बहरूपिए, हरियाणवी पारंपरिक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां, फूड स्टॉल, मनोरंजक खेल समेत अन्य आकर्षक गतिविधियां भी आगुंतकों को लुभाएंगी।

---

### सीआईए-1 की टीम ने वारदात में शामिल आरोपी को किया काबू

**रोहतक।** सीआईए-1 स्टाफ टीम ने गांव सांघी निवासी रोहित पर हुए जानलेवा हमला की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश जेल भेजा गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि गांव सांघी निवासी रोहित की शिकायत के आधार पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि 4 जुलाई 2023 को रात करीब 9.30 बजे रोहित अपने चाचा सुभाष व ताऊ राजेंद्र के साथ खेतों में काम करके अपने घर की तरफ जा रहे थे। रोहित जैसे ही बबलु ठेकेदार के खेतों के पास पहुचा तो साइड में खडी गाड़ी के अंदर से सांघी निवासी कृष्ण गाड़ी से नीचे उतरा। कृष्ण ने जान से मारने की नीयत से रोहित पर फॉयर कर दिया व गाड़ी से उतरे दो अज्ञात युवकों ने रोहित पर फॉयर किया। गोली रोहित के दाहिने हाथ व पैर में लगी। गोली लगते ही युवक रोहित को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। जांच के दौरान 3 मार्च को वारदात में शामिल आरोपी कृष्ण निवासी गांव सांघी को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया गया है।

---



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम का दीप जलाकर शुभारंभ करते मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना। फोटोः हरिभूमि

### महिला रोग विभाग की डॉ. सविता सिंघल बनीं सोवसी हरियाणा की अध्यक्ष

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के लैक्चर थिएटर-5 में सोवसी हरियाणा की प्रथम राष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कॉन्फ्रेंस पीजीआई के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया के नेतृत्व में सोसायटी ऑफ वजाइनल सर्जन ऑफ इंडिया एवं हरियाणा एसोसिएशन ऑफ ऑब्ससटेट्रिक्स एंड गाइनेकोलॉजिस्ट के सौजन्य से की गई। कांफ्रेंस में मुख्यअतिथि कुलपति डॉ. अनिता सक्सेना, विशिष्ट अतिथि निदेशक डॉ. एसएस लोहचब, सोवसी की अध्यक्ष डॉ. रागिनी अग्रवाल, डीन डॉ. कुलदीप लालर व डॉ. हारा पटनायक उपस्थित हुए। मंच का संचालन डॉ. नीतू व डॉ. वंदना ने किया। डॉ. अनिता सक्सेना ने कहा कि आज की इस कांफ्रेंस के लिए स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. पुष्पा दहिया व डॉ. सविता सिंघल की टीम बधाई की पात्र है।

---

**कार्यक्रम** 35 तकनीशियन और क्रू सदस्य विश्वविद्यालय पहुंचे

# डीएलसी सुपवा के कुलगीत की शूटिंग शुरू

- कुलगीत का ऑडियो 2023 में ही किया जा चुका है रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



**रोहतक।** पूजा अर्चना करते हुए डीएलसी सुपवा के कुलपति गजेंद्र चौहान। फोटोः हरिभूमि

डीएलसी सुपवा के कुलगीत की वीडियोग्राफी दृश्य कला संकाय में शुरू हो गई। कुलपति गजेंद्र चौहान ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों और शूटिंग दल की उपस्थिति में मुहूर्त शॉट की शुरुआत की। कुलगीत का ऑडियो 2023 में ही रिकॉर्ड किया जा चुका है। चार मिनट का यह गीत डीएलसी सुपवा के विभिन्न पहलुओं और विश्वविद्यालय के दृष्टिकोण और लक्ष्यों को आकार देने वाले प्रमुख परिप्रेक्ष्य को प्रदर्शित करता है। गायक कैलाश खेर और कविता कृष्णमूर्ति द्वारा गाए गए कुलगीत की रचना और लेखन गीतकार सुधाकर शर्मा ने किया है। कुलपति ने कहा कि शूटिंग से फिल्म और टीवी के छात्रों को फायदा होगा क्योंकि उन्हें अनुभवी क्रू द्वारा आयोजित पेशेवर गाने की शूटिंग का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। मशहूर सिनेमैटोग्राफर ज्ञान सहाय, कोरियोग्राफर हबीबा रहमान चौहान के साथ इस गाने का निर्देशन कर रहे हैं। शूटिंग 7 मार्च तक चलेगी, जिसके लिए 35 तकनीशियन और क्रू सदस्य विश्वविद्यालय पहुंचे हैं। गाने को विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों और सुविधाओं में शूट किया जाएगा। कुलपति ने कुलगीत के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय कुलगीत संस्थान में विविध व्यक्तित्वों के बीच एक साझा पहचान बनाता है। ऐसे माहौल में जहां विभिन्न विषय और दृष्टिकोण एक साथ मौजूद हैं, कुलगीत एक एकीकृत शक्ति के रूप में कार्य करता है जो अकादमिक सीमाओं से परे है। गीत और धुन के माध्यम से, यह उन मूलभूत सिद्धांतों और आदर्शों का संचार करता है जो संस्थान को परिभाषित करते हैं, अपनेपन और गर्व की भावना को बढ़ावा देते हैं। कुलपति ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी संस्थान के सबसे हाई प्रोफाइल कुलगीतों में से एक होगा।



### सुपवा के छात्रों द्वारा बनाई गई लघु फिल्में 5वें चित्र भारती फिल्म महोत्सव में प्रदर्शित

**रोहतक।** 23 फरवरी से 25 फरवरी तक पंचकूला में आयोजित 5वें चित्र भारती फिल्म महोत्सव में फिल्म और टीवी संकाय के 12 छात्रों के साथ-साथ तीन संकाय सदस्यों देबासिस रॉय, डॉ. विश्वजीत सिंह और रवनीत कौर सैनी ने डीएलसी सुपवा का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा किया गया। इन तीन दिनों के लिए कई वृत्तचित्रों की प्रस्तुति ने छात्रों को इस क्षेत्र में आवश्यक अनुभव प्रदान किया। विवेक अग्निहोत्री, ईशा गुप्ता, अमित रॉय, अमिताभ वर्मा और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ समृद्ध बातचीत से छात्रों को फिल्म निर्माण की पेशेवर दुनिया की बारीकियों को समझने में मदद मिली। डीएलसी सुपवा के छात्रों (चमन रमेश कृष्ण, सचिन, आकाश सिंह और अरविंद) द्वारा बनाई गई वृत्तचित्र फिल्में और लघु फिल्में भी महोत्सव में प्रदर्शित की गई। कार्यक्रम में फिल्म और टेलीविजन की प्रसिद्ध हस्तियों जैसे दलेर मेहंदी, ईशा गुप्ता और कुलपति गजेंद्र चौहान द्वारा व्याख्यान और बातचीत भी शामिल थी।

## खबर संक्षेप



### एनएसएस 7 दिवसीय कैंप का किया शुभारंभ

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ वैश्य संस्था के प्रधान नवीन कुमार जैन ने किया। पंडित नेकी राम शर्मा कॉलेज से सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. दिनेश साहारन ने कहा कि स्वयं सेवक समाज की नींव होते हैं। इसके साथ-साथ उन्होंने चुनावी साक्षरता क्लब की ओर से वोट देने के लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। एडवोकेट नेहा धवन प्रवक्ता हरियाणा सरकार ने स्वयं सेवकों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

### बारिश के साथ ओलावृष्टि से भट्ठों को नुकसान

**रोहतक।** हरियाणा भट्ठा एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अनूप सिंह दहिया ने बताया कि इन दिनों



बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से ईंट भट्ठा मालिकों को नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। ओलावृष्टि के कारण कच्ची ईंट खराब होने के साथ बारिश का पानी खड़ा हो गया है, जिससे भट्ठा मालिकों के साथ मजदूरों को भी नुकसान हो रहा है। उन्होंने बताया कि आज ईंट भट्ठा लगाना मानो एक चुनौती जैसा हो गया है। महंगाई के कारण पहले की बजाय मिट्टी, लेबर खर्चा और ईंट पकाने वाला ईंधन सब महंगा हो गया है।

### मानसिक स्वास्थ्य के बारे में दी जानकारी

रोहतक। अर्पण मानसिक दिव्यांग संस्था में स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर डॉ सुमन हुड्डा नैदानिक मनोवैज्ञानिक व सुनीता रानी सामुदायिक नर्स ने दौरा किया। इस दौरान स्टाफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं को मानसिक बीमारी के लक्षण उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया और अंजू वर्मा ने किया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ सुमन हुड्डा रही। सभी सदस्यों को अपने आप को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए जागरूक किया।

---

### मुआवजे के लिए सरकार के सामने गिड़गिड़ा रहे अन्नदाता

# लगातार 7वीं फसल भी प्राकृतिक आपदा से तबाह, आफत में किसान

**हर वर्ष किसन की मेहनत पर पानी फेर रहा मौसम, बर्बाद फसलों को देखकर खून के आंसू रोने को मजबूर हुए किसान**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भयंकर ओलावृष्टि ने बीते शनिवार को गांव मायना, सुनारियां,बलम, बनियानी, माड़ौधी, पटवापुर, ककराना, पाकस्मां, कारोर, शिमली, खेड़ी साध, बलियाणा, भालौठ, चुलियाना,मुंगान, खरावड़, पटवापुर, पहरावर, कन्हैली, नौनंद, कसरेंटी, कंसाला, आसान, अटायल, गढ़ी बोहर, भैयापुर, बालंद, सैमान ,पोलंगी समेत आदि अन्य गांवों में भारी तबाही मचाई। इससे पहले अप्रैल 2023 के पहले सप्ताह में भी लाखनमाजरा, आंवल, खरैंटी, गिरावड़, खेड़ी साध, कारौर, खरावड़, चुलियाना, इस्माईला, सांपला, पाकस्मां, मायना, पहरावर, निगाना, सिंहपुरा, भगवतीपुर, सुंदरपुर व टिटौली में ओलावृष्टि से गेहूं और सरसों खत्म हो गई थी। इसके बाद जुलाई 2023 के मध्य में मानसून की अत्याधिक बारिश ने खरैंटी, चांदी, गिरावड़, भगवतीपुर, टिटौली, घिलौड़ कलां, घिलौड़ खुर्द, जसिया के आसपास गांवों में धान को लील लिया था। फसलों में नुकसान का सिलसिला यही नहीं रुकता है। अब आपको बीते तीन-चार साल का प्राकृतिक आपदा से खराब हुई फसलों का ब्यौरा दे रहे हैं। सितंबर 2022 में भी बेमौसमी ज्यादा बारिश होने से धान समेत दूसरी फसलें नष्ट हुई थी। सितंबर की बारिश की वजह से करीब 4500 एकड़ में किसान गेहूं की बिजाई ही नहीं कर पाए। वर्ष 2022 में ही धान रोपाई के समय भी अत्याधिक बारिश से किसानों को काफी नुकसान हुआ। इतना ही नहीं जनवरी-फरवरी 2022 में इतनी बेमौसमी बरसात हुई कि उन गांवों में गेहूं की फसल खत्म हो गई, जहां सेम की समस्या थी। वर्ष 2022 में ही समय से पहले तापमान अत्याधिक बढ़ने की वजह से गेहूं का उत्पादन 12-15 प्रतिशत कम हुआ। रबी 2021 की ओलावृष्टि से ग्यारह गांवों की फसलों में दाना शेष नहीं बचा था। वर्ष 2018 में मायना, करौंथा, शिमली, पहरावर, बालंद समेत कई गांवों में धान पकाई के समय ओलावृष्टि हुई तो फसल खत्म हो गई। इससे पहले अप्रैल 2015 में हुई ओलावृष्टि को तो किसान आज तक नहीं भूले हैं। जिले में 75000 एकड़ में गेहूं का एक भी दाना शेष नहीं बचा था। सबसे ज्यादा नुकसान महम उपमंडल के गांव गिरावड, खरैंटी, बैंसी, अजायब के आसपास के गांवों में हुआ था। प्रस्तुत है **अमरजीत एस गिल** की रिपोर्ट।

किसान सभा के प्रदेश महा सचिव सुमित दलाल कहते हैं कि अपना पेट काटकर देश का पेट भरने वाला किसान अगर मुआवजे के लिए प्रशासन के सामने गिड़गिड़ाता है तो इससे बड़ी विडंबना हमारे लिए और क्या होगी। हर फसल में प्राकृतिक आपदा से फसलें खराब होती हैं। मुझे आप कोई भी एक वर्ग ऐसा बता दें, जिस पर हर छह महीने के बाद प्राकृतिक आपदा का कहर टूटता तो।

#### बढ़ रहा है कर्ज का मर्ज



*चौधरी चरण सिंह कृषि यूनिवर्सिटी हिसार के अर्थशास्त्र विभाग के सहायक वैज्ञानिक डॉ. विनय महला बताया कि पिछले दिनों कुरुक्षेत्र, करनाल, हिसार और सिरसा जिलों के किसानों का आर्थिक सर्वे करवाया था। इसमें किसान आय और व्यय के बीच काफी बड़ा अंतर पाया गया है। फसल उत्पादन और डेयरी उद्यमों सहित कुल कृषि व्यवसाय आय रुपये 2,48,206 रुपये। कृषि से अलग आय ने भी 1,10,250 रुपये का योगदान दिया। जिसके परिणामस्वरूप कुल आय 3,58,456 रुपये हुई। 2.7 एकड़ तक के किसान परिवारों ने कुल मिलाकर 3,79,832.9 रुपये विभिन्न स्त्रोतों (खाद्य, गैर खाद्य और कृषि) पर व्यय / खर्च किए गए । वित्तीय घाटे को देखें तो कृषि-आधारित आय परिप्रेक्ष्य पर, प्रति परिवार ऋण की गणना 1,31,626 रुपये की गई।*

#### किसान आत्महत्या को मजबूर



किसान नेता सुमित ने बताया कि पिछले साल भी ओलावृष्टि से रबी खत्म हो गई थी। जिसका आज तक सभी किसानों को मुआवजा नहीं मिला है। अब गत शनिवार को फिर से ओलों ने फसलें नष्ट कर दी। सभी पीड़ित किसानों को नुकसान की भरपाई सरकार नहीं करेगी। तरह-तरह की शर्त सरकार मुआवजे के लिए लगाती है। बीते दस साल में देश में पूंजीपतियों का सरकार ने 15 लाख करोड़ रुपये कर्ज का माफ कर दिया गया। तब सरकार ने कोई शर्त नहीं लगाई। सरकार के दोहरे मानदंडों की वजह से ही किसान आज कर्ज तले दबकर आत्महत्या करने को मजबूर है।

---

## ऑनलाइन हाजरी के विरोध में उतरे ग्रामीण सफाईकर्मी




प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंचायत विभाग द्वारा ग्रामीण सफाई कर्मियों, चौकीदारों और ऑपरेटर की मोबाइल ऐप के माध्यम से हाजरी लगाकर सरपंच को मानदेय, वेतन भुगतान का बिल बनाने का अधिकार देकर अन्याय किया गया है। जिसको सीटू किसी भी सूरत में सहन नहीं करेगी। यह बात सीटू के राज्य कोषाध्यक्ष एवं ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के महासचिव विनोद कुमार ने मानसरोवर पार्क में प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा समर्थित सरपंच एसोसिएशन की मांग पर मुख्यमंत्री ने मोबाइल ऐप में ऑनलाइन हाजरी लगाकर मानदेय भुगतान का बिल बनाने का अधिकार सरपंच को देने का निर्णय लिया है। जिसका वे विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को किसी कर्मचारी की हाजरी लगाने का अधिकार नहीं है तो सफाई कर्मियों, चौकीदार और जल कर्मियों बिल बनाने का अधिकार सरपंच को क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सरकार अपने कुछ चहेतों को निजी कर्मचारी उपलब्ध करवा रही है। प्रदर्शन को सीटू जिला प्रधान कमलेश लाहली, सीटू जिला सहसचिव प्रकाशचन्द्र, हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा के कोषाध्यक्ष भगतसिंह, ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन रोहतक के जिला सचिव संदीप सिंह के अलावा गीता, संजय, रामभगत, आदि ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा अपनाई जा रही ऑनलाइन प्रणाली की बजाय ऑफलाइन हाजरी लगाई जाए। हाजरी लगाने का अधिकार ग्राम पंचायत की बजाय 5-6 गांवों का जोन बनाकर सुपवाईजर की भर्ती हो तथा उस सुपवाइजर के माध्यम से ही ये हाजरी लगवाई जाए। इस ऑनलाइन हाजरी व्यवस्था के खिलाफ अगले तीन दिन 7 मार्च तक जिला/ब्लॉक स्तर पर धरने आयोजित रहेंगे तथा उसके बाद अगला निर्णय लिया जाएगा। इस मौके पर संजय चूलियाना, विजय कुलताना, जयभगवान बसंतपुर, नरेश महम, जयपाल पाकस्मा, राजवीर सांघी, बाला, दयाकिशन, राजकुमार,सुमित जिंदरान, बलजीत, हनीफ, शीला,कर्मवीर, वीरेंद्र, अंगूरी, बिट्टू प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

---

## मकड़ौली और गिझी में हुआ कार्यक्रम महिलाओं को सशक्त बनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




गांव मकड़ौली कलां और गिझी में ब्रेकथ्रू संस्था ने आंगनबाड़ी वर्कर और गांव की महिलाओं के साथ मिलकर कार्यक्रम किया। संस्था के राहुल और नरेंद्र ने महिला दिवस की जानकारी दी। लोगों को बताया गया कि यह दिन महिलाओ के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। इस बार महिला दिवस का थीम बदलाव के लिए सशक्त बने है। महिला दिवस समारोह में महिलाओं, लड़कियों किशोर किशोरियों तथा युवाओं ने बढ़.चढ़कर भाग लिया।

आंगनवाड़ी वर्कर संतोष ने कहा कि अधिकतर सबके लिए जरूरी है और यह दिवस अधिकारों के लिए मनाया जाता है। मुकेश आंगनवाड़ी वर्कर ने कहा कि हमें उन महिलाओं के बारे में भी सोचना चाहिए जिनको समाज में आगे बढ़ने का अधिकार नहीं मिलता। मकड़ौली कलां की आंगनवाड़ी वर्कर ने मीटिंग करने के बाद दीवार पर स्लोगन के माध्यम से संदेश दिया गया हिंसा किसी के रूप में जायज नहीं है, अधिकार सबके लिए बराबर होने चाहिए। गिझी में अनीता आंगनबाड़ी वर्कर ने कहा कि ब्रेकथ्रू संस्था समय-समय पर गांव में प्रोग्राम रवाती है।

---

## महम कोर्ट के सामने वकीलों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

- बहु अकबरपुर थाने को महम कोर्ट से सम्बद्ध करने की कर रहे हैं मांग
- महम तहसील के कई गांव बहु अकबरपुर थाने के अधीन आते हैं



महम। महम कोर्ट के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे महम के वकील।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

सोमवार से बार एसोसिएशन महम वकीलों ने महम कोर्ट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। वकीलों का कहना है कि 2017 में एक नया था बनाया गया था, जिसे बहु अकबरपुर थाने के नाम दिया गया है। इस थाने में महम तहसील के गांव मोखरा, मदीना निडाना व मुरादपुर टेकना को सम्बद्ध कर दिया गया। ये गांव महम सब डिविजन के गांव हैं। इनके अगर दीवानी मामले होते हैं वे तो महम कोर्ट सुनवाई करती है। जबकि फौजदारी मामले रोहतक कोर्ट में सुने जाते हैं। वकीलों की मांग है कि बहु अकबरपुर थाने को महम कोर्ट से सम्बद्ध किया जाए। इस मुद्दे पर वकीलों ने महम बार एसोसिएशन कार्यालय में एक मीटिंग बुलाकर सभी अधिवक्ताओं ने महम कोर्ट के सामने अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने का फैसला लिया। वकीलों का कहना है कि अधिवक्ता कई बार प्रदेश सरकार और हाईकोर्ट के जजों को भी इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं। अब वकीलों को जब कहीं से भी कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो ये मजबूरी में धरना देने का कदम उठाया है। इस मौके पर बार एसोसिएशन महम के प्रधान एडवोकेट रवि शंकर सोनी, पूर्व प्रधान रोहतास राठी, प्रदीप ढाका, वेदप्रकाश अहलावत, राजेश गोयत, रमेश चोपड़ा, संदीप बंसल, संजय दहिया, कर्मबीर, प्रवीण अहलावत, सचिव दीक्षांत सिवाच, सहसचिव नीलम राणा और कैशियर सोनू शर्मा समेत कई वकील मौजूद थे।

---

## थका हुआ जनप्रतिनिधि नेतृत्व नहीं कर सकता कांग्रेस अब कार्यकर्ता को टिकट दे: कृष्ण लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक से कांग्रेस नेता व बैंसी के पूर्व सरपंच कृष्ण लाल छाबड़ा ने श्रीनगर कॉलोनी स्थित सत भाई रामा सत भाई जीवाया जी आश्रम में जन आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सैंकड़ों अपने समर्थकों सहित गाड़ियों व दो पहिया वाहनों के काफिलों के साथ आश्रम में पहुंचे। कार्यक्रम में कृष्ण लाल जन समूह ने कहा कि रोहतक विधानसभा में लंबे समय से विधायक तो जीतते आ रहे हैं, लेकिन मतदाता हमेशा हारे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का दौर है, इसीलिए रोहतक की जनता की भलाई के लिए हम सब को एक जुट हो कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि एक थका हुआ जनप्रतिनिधि कभी भी आप का नेतृत्व नहीं कर सकता, न ही आपकी आवाज को उठा सकता है। अब पार्टी को रोहतक के कार्यकर्ता को टिकट देनी होगी। कृष्ण लाल ने कहा कि श्रीनगर कॉलोनी में स्वच्छ पीने के पानी की समस्या, सीवरेज की समस्या तथा बारिश के दिनों में दोनो तरफ से अंडरपास में जलभराव होने के चलते श्री नगर कॉलोनी, न्यू चिन्योट कॉलोनी, गीता कॉलोनी आदि शहर से कट जाती है और यह समस्या कई वर्षों से ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने बताया कि रोहतक विधानसभा में सभी बूथों पर 4 हजार गैर राजनीतिक मित्र सदस्य बनाने की मुहीम शुरू कर रखी है। अब तक वे लगभग 2 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं।

---

### तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में पिछड़े वर्ग की होगी अहम भूमिका

**रोहतक।** भाजपा के ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश सैनी ने एक बैठक में कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो हरियाणा में सबको साथ लेकर चल रही है। पिछली सरकारों में जो जातिवाद क्षेत्रवाद भाई भतीजावाद और खर्ची पर्ची वाला सिस्टम चल रहा था। नौजवानों को मेरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है जिससे प्रदेश के सभी वर्ग खुश हैं। रोहतक के विकास को नया आयाम देते हुए शहर की जनता को जाम से मुक्ति दिलाने का काम एलिवेटेड रोड बनाकर भी बीजेपी सरकार ने ही किया।

---

## किसानों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांपला



पाकस्मा के किसान एसडीएम को ज्ञापन देते हुए।

दो दिन पहले इलाके में हुई बारिश और ओलावृष्टि से फसल खराब हो गई। सोमवार को पाकस्मा के किसान एसडीएम सुभाष चंद्र जून से मिले। उन्होंने अधिकारी को ज्ञापन सौंपा कर जल्द से जल्द गिरदावरी करने की मांग की। प्रधान जय भगवान, मुकेश कुमार, बिजेंदर, ज्ञान सिंह, परवीन, आजाद आदि किसानों ने बताया कि शनिवार को इलाके में अधिक ओलावृष्टि होने की वजह से उनकी सभी रबी की फैसले बर्बाद हो गई। रबी में गांव के ज्यादातर खेतों में किसानों द्वारा गेहूं की खेती की जाती है। उसके अलावा सरसों व कुछ सब्जियां भी लगाई जाती हैं। सभी फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। अगर सरकार ने किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए मुआवजा नहीं दिया, तो किसान बर्बाद हो जाएंगे। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द गिरदावरी कराई जाएगी और किसान अपनी फसल का विवरण मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर भी दर्ज कराएं।

---

## आंदोलन के लिए किसान मजदूर मोर्चे का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

संयुक्त किसान मोर्चा अराजनीतिक की मीटिंग सोमवार को जाट भवन में हुई। इसमें उत्तर भारत के किसान मजदूर संगठनों के शामिल होने का दावा किया गया है। बैठक की अध्यक्षता सरदार किशन सिंह पाली ने की। इस मौके पर सभी संगठनों ने एक मत होकर सांझा किसान मजदूर मोर्चा (एसकेएमएम) का गठन किया। इसके अलावा सभी मोर्चों पर चल रहे किसानों के आंदोलनों को मजबूत करने एवं एकजुट करने के लिए सांझा तालमेल कमेटी का गठन किया गया। मीटिंग में एमएसपी (सी टू+५० %) , कर्जा मुक्ति, मनरेगा मजदूरों की २०० दिन का काम और भूमि अधिग्रहण बिल २०१ की मांग भी शामिल की गई। सभी बार्डरों पर एकता स्थापित करने हेतु ग्यारह सदस्यीय कमेटी गठित करके पंजाब बॉर्डरों से ६ मार्च की दिल्ली कूच की काल को पुनर्विचार करने की सिफारिश की गई। कार्यक्रम में बीकेयू किसान सरकार के राष्ट्रीय महासचिव वीरेंद्र सिंह हुड्डा तथा ग्राम स्वराज्य किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक मनोज सहरावत ने ईवीएम से चुनाव ना करा के बैलेट पेपर से करवाने की मांग की। किसान नेता महेंद्र सिंह राणा तथा आत्मजीत ने कर्जा मुक्ति, एमएसपी खरीद गारंटी कानून को लेकर सभी संगठनों से एकजुट होने का आह्वान किया।

---

### ज्वाइंट एक्शन कमेटी का ऐलान, सरकार को देंगे वोट की चोट, 16 को जींद में होगी बैठक

# 22 दिन बाद रिटायर कर्मियों का बेनतीजा धरना समाप्त

- रिटायर कर्मियों का आरोप है कि सरकार ने बातचीत के लिए बुलाया तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा का उपायुक्त कार्यालय के सामने जारी क्रमिक अनशन सोमवार को 22 दिन बाद समाप्त हो गया। लेकिन ये जानकार थोड़ा अफसोस होगा कि वरिष्ठ नागरिक करीब महीना भर तक धरने पर बैठे रहे। लेकिन सरकार ने कर्मियों को बातचीत का न्यौता तक नहीं दिया। ऐसे मांग पूरी होने के बारे में सोचना भी बेमानी सा लगेगा। बातचीत के लिए सरकार नहीं बुलाएगी, ऐसे आसार शुरू दिन से ही दिखाई दे रहे थे। ध्यान रहे कि अब लोकसभा के चुनाव ऐन सिर पर हैं। बावजूद इसके सरकार ने कर्मचारियों से बातचीत तक करना मुनासिब नहीं समझा। अमूमन इलेक्शन पहले हरेक वर्ग को खुश करने का प्रयास करती है। लेकिन वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली कुछ हटकर ही है। समापन के मौके पर पूर्व विधायक आनन्द सिंह दांगी, पूर्व डीईओ जगबीर मलिक व विधायक बीबी बत्रा व कदम सिंह अहलावत ने धरने पर आकर पेंशनर्स को समर्थन दिया ओर सरकार आने पर पेंशनर की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए पेंशनरों शीश राम, शक्ति सिंह, सुरेश कुमार, देवीसिंह देसवाल, शमशेर सिवाच, सन्तोष देवी,पाल सिंह जींद, धोलाराम कैथल राजबीर, महावीर सिंह देसवाल, प्रवीन देसवाल, झज्जर,जयकिशन दलाल, पाल सिंह जींद, राजेन्द्र मोर ,बाबूलाल यादव, रोशनी हुड्डा, धर्म कौर, देवराज नांदल, जलकरण बल्हारा, भल्ले राम बूरा शमशेर सिवाच,निर्मल राणा, छोटू राम , दयानंद सैनी ,महावीर सिंह, व राज सिंह ,ईश्वर सिंह सैनी सहित ,धर्म कौर, मूर्ति अहलावत,रोशनी देवी, तुहीराम शर्मा,सहदेव सिंह,दयानंद सैनी, प्रेम सिह सैनी , पहल सिंह तंवर , भल्ले राम बूरा, प्रेम सिंह बांगड़,रामचंद्र शर्मा , दलबीर रेढू ,किताब सिंह भनवाला,राजेन्द्र शर्मा, सुरजमल शर्मा, धनखड़ खाप व नांदल खाप के प्रधान ओमप्रकाश धनखड़,मांगे राम,भरत सिंह पुनिया, राजपाल नैन मौजूद रहे। समापन पर निर्णय लिया गया कि 16 मार्च को जींद में मीटिंग की जाएगी।

#### धरने के अन्तिम दिन ये रहे मौजूद

*धरने के अन्तिम दिन जिला पलवल के किशन चंद ,देईराम, रामजी लाल रावत,टेकचंद आर्य जगदीश चंद्र को ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के संयोजक कुलभूषण शर्मा,अध्यक्ष मंडल के सदस्य, बाबूलाल यादव,देवराज नांदल मेहरसिंह नैन, वीरेंद्र शर्मा जलकरण बल्हारा , प्रेम सिंह सैनी , रामचंद्र शर्मा , प्रेम सिंह दून,देवी सिंह देशवाल ने क्रमिक अनशन कारियों को फूलमाला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कर्मचारी नेता बाबू लाल यादव व देवराज नांदल ने की व मंच संचालन वरिष्ठ कर्मचारी नेता कुलभूषण शर्मा व मेहर सिंह नैन ने संयुक्त रूप से किया । इस मौके पर ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक अध्यक्ष मंडल के वरिष्ठ सदस्यों कुलभूषण शर्मा, किताब सिंह भनवाला,बाबूलाल यादव,मेंहर सिंह नैन, कुलदीप सिंह गोयत जलकरण बल्हारा,देवराज नांदल, वीरेंद्र शर्मा,पहल सिंह तंवर व भल्ले राम बूरा ने मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी । पदाधिकारियों ने बताया कि वे 65, 70, व 75 वर्ष आयु उपरांत क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन वृद्धि, बीमारियों के लिए कैशलस मेडिकल सुविधा, व चिकित्सा भत्ता 1000 की बजाय 3000 रुपये प्रति महीने,कम्युटेशन की रिकवरी 15 से घटाकर पहले की तरह 12 वर्ष करने, फैमिली पेंशनरज को भी एलटीसी की सुविधा मिले, इसके लिए आंदोलन शुरू किया था। लेकिन सरकार इतनी संवेदनहीन है कि वरिष्ठ नागरिकों को बातचीत के लिए भी नहीं बुलाया।*

## खबर संक्षेप

### कम्युनिटी सेंटर में कीर्तन दरबार 10 को

**रोहतक।** भाई सोमा शाह सेवा समिति द्वारा 10 मार्च को कम्युनिटी सेंटर पुराना बस स्टैंड पर कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा। इस कीर्तन दरबार में गुरुद्वारा शाह साहब पानीपत वाले भाई गुरविंद्र शाह अपने प्रवचनों द्वारा संगतों को निहाल करेंगे। यह जानकारी सेवा समिति के प्रवक्ता एडवोकेट कमल लूथरा ने दी।

### पारिवारिक विवाहों में रोग की संभावना अधिकः शर्मा

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स विभाग में क्रोनोलोजिकल जेनेटिक अपडेट लेक्चर सीरीज के तहत- प्रीसिशन मेडिसन पर सोमवार को ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। केन्द्रीय विश्वविद्यालय जम्मू के सेंटर फॉर मॉलिक्यूलर बायोलॉजी के निदेशक डॉ. स्वरकर शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि जटिल विकारों के लिए नेक्स्ट जनरेशन विश्लेषण पद्धतियों बारे जानकारी दी। उन्होंने मानव विकास और जनसंख्या संरचना पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए दुर्लभ और जटिल विकारों के जोखिमों बारे बताया। डॉ. शर्मा ने जेके-डीएनए परियोजना के अंतर्गत पाई गई विभिन्न बीमारियों के बारे में चर्चा करते हुए सुझाव दिया कि पारिवारिक विवाहों में बीमारियों की संभावना अधिक होती है।

### मोदी के 400 पार नारे को साकार करेंगे युवा

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए गए 400 पार के नारे को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में 2047 में देश विकसित व आत्मनिर्भर होगा। हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा उम्मीदवार जीतेंगे। ये बातें गांव इन्द्रगढ़, चांदी, घरौठी एवं लाखनमाजरा में आयोजित नवमतदाता नमो युवा चौपाल में भाजयुमो के निवर्तमान जिलाध्यक्ष नवीन ढुल ने कही। अध्यक्षता भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपू नागपाल ने की। नवीन ढुल, प्रदेश सचिव डॉ. रमा बल्हारा एवं सन्नी नारा ने संबोधित किया।

## भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

# आज विस स्तर पर नारी शक्ति वंदन मैराथन, कल मोदी का संबोधन होगा

- प्रदेशाध्यक्ष नायब सैनी और सुभाष बराला ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लोकसभा चुनाव लेकर भारतीय जनता पार्टी अपने आगामी कार्यक्रमों के मेगा प्लान के साथ आगे बढ़. रही है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी और प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने एक होटल में चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारियों के सामने कार्यक्रमों की रूपरेखा रखी। नायब सैनी ने बताया कि किस तरह से ऐतिहासिक जीत के लिए आगे बढ़ना है। प्रबंधन समिति के संयोजक सुभाष बराला ने कार्यक्रमों के बारे में जानकारी रखी। सुभाष बराला ने बताया कि युवा मोर्चा नव मतदाता सम्मेलन करेगा और महिला मोर्चा को जिला स्तर और विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति वंदन मैराथन करवाई जाएगी। प्रबंधन समिति के सह संयोजक असीम गोयल ने संकल्प पत्र के लिए सुझाव एकत्रित करने के विषय को सबके सामने रखा। सुझावों का संग्रह करने के लिए हर लोकसभा में दो वैन घूमेंगी और वीडियो वैन पर क्यूआर कोड को स्कैन कर लोग अपने सुझाव दे सकेंगे। इस वैन में रखी सुझाव पेटी में भी लोग अपने सुझाव लिखकर दे सकते हैं। सुझाव लेने का काम 15 मार्च तक पूरा करना है। बैठक में कलेस्टर के प्रभारी सांसद कृष्ण लाल पंवार, मनीष ग्रोवर, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता आदि भी मंच पर मौजूद रहे।



रोहतक। भाजपा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी। फोटो : हरिभूमि

### प्रतिभाओं का होगा सम्मान

प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि एससी मोर्चा को समाज के प्रतिभावान लोगों के सम्मान कार्यक्रम करने का काम दिया गया है। इसी तरह ओबीसी मोर्चा, किसान मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा को भी समाज के विभिन्न वर्गों और बस्तियों में जाकर लोगों से संपर्क के विभिन्न कार्यक्रम करने का काम सौंपा गया है। प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने बताया कि 6 मार्च को करनाल में सुबह नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मनोहर मौजूद रहेंगे। साढ़े 11 बजे कोलकाता से प्रधानमंत्री अपना संबोधन रखेंगे, जिसे करनाल में एक स्थान पर उपस्थित होकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हजारों महिलाएं मोदी जी को सुनेंगी, जबकि हरियाणा के 81 विधानसभाओं की लाखों महिलाएं एलईडी स्क्रीन पर मोदी जी को सुनेंगी।

### पैदल यात्रा भी निकाली जाएगी

बराला ने कहा कि महिला मोर्चा ने सोमवार को सभी जिलों में नारी शक्ति वंदन मैराथन का आयोजन भी किया। मंगलवार को भी विधानसभा स्तर पर नारी शक्ति वंदन मैराथन होगी। जिसमें साइकिल, पैदल और स्कूटी से भी महिलाओं के द्वारा यात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद प्रधानमंत्री 6 मार्च को कोलकाता से नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत अपना संबोधन रखेंगे, उसे हरियाणा में सभी विधानसभाओं में सुनने के लिए भी भाजपा ने एलईडी लगाने का प्रबंध किया जाएगा।

## आईबी स्मार्ट स्टार्ट में धूमधाम से मनाया गया इंडो किड्स



- रैंप वॉक और सोलो डांस में 150 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर 2/3 पार्ट्स स्थित आईबी स्मार्ट स्टार्ट में इंडो किड्स धूमधाम से मनाया गया। इसमें कक्षा पहली और दूसरी के छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। इंडो किड्स के रैंप वॉक और सोलो डांस में 150 से ज्यादा बच्चों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को विभिन्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कक्षा पहली में मिस इंडो किड्स एलेना, मास्टर इंडो किड्स प्रणव, फर्स्ट रनर अप तनिश और सेकेंड रनर अप टिया रहे। कक्षा दूसरी में मिस इंडो किड्स युवांशी, मास्टर इंडो किड्स रक्षित, फर्स्ट रनर अप घानवी, सेकेंड रनर अप इहाना रहे। इंडो किड्स डांस प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी में विजेता वरतिका, फर्स्ट रनर अप सिद्धि और नित्या, सेकेंड रनर अप आराध्या और कियारा रहे। वहीं कक्षा पहली में विजेता शिवांगी, फर्स्ट रनर अप मीरा और सेकेंड रनर अप तिशा रहे। सभी विजेताओं व पार्टिसिपेंट्स को सर्टिफिकेट और गिफ्ट्स भेंट किए गए। इस मौके पर यूके निवासी मिस बैकी, मिस्टर टीम, मिस्टर हार्ले, मिस कियरा रोहतक के मिस्टर नवी, मिस शेफाली बंसल, मिस सिमरन और मिस शीतल, निशा चौहान, डिप्टी हेड प्रीति चौधरी, डायरेक्टर स्वर्ण बीर राठी आदि मौजूद रहे।

## सरकार समय पर फसलों की गिरदावरी करवाए

- सभी फसलें ओलावृष्टि से खराब हो चुकी : घुसकानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

आम आदमी पार्टी के प्रदेश किसान विंग के उपाध्यक्ष प्रवीण घुसकानी ने भाजपा सरकार से जल्द से जल्द ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की स्पेशल गिरदावरी कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि करीब दो दर्जन गांवों में रबी के सभी फसले ओलावृष्टि से खराब हो चुकी है जिससे किसानों को लाखों का नुकसान पहुंचा है।

सरकार को तुरंत सभी प्रभावित गांव की स्पेशल गिरदावरी करवानी चाहिए और समय पर उचित मुआवजा दिया जाए। सोमवार को उन्होंने कई गांव का दौरा कर किसानों से भी मुलाकात कर किसानों की समस्याएं सुनी। रिटोली में जिला अध्यक्ष विजेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में 45 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उपाध्यक्ष ने लोगों को विश्वास दिलवाया कि उनकी सरकार आने पर बिजली, पानी, शिक्षा ,स्वास्थ्य सेवाएं फ्री दी जाएंगी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नवीन सांपला, साहिल, सुनील, पवन, अमन, संदीप, लखन, सूरज ,आकाश ,अंकुश, बिट्टू ,रोहित, शाहिद ,टोनी, ललित ,पवन ,सोनू आदि मौजूद थे।



## ट्यूलिप ने लोटस को हरा जीती फुटबाल प्रतियोगिता

- पठानिया कैम्पस में क्रिकेट व फुटबाल प्रिमियम लीग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पठानिया वर्ल्ड कैम्पस में 23 से 29 फरवरी को पीपीएल क्रिकेट व फुटबाल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एक व कक्षा दो की 8 टीमों ने फुटबाल में तथा कक्षा 3, 4 व 5 से 15 टीमों ने क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

फुटबाल प्रतियोगिता में पहला मैच वन लोट्स व वन ट्यूलिप के बीच खेल गया, जिसमें ट्यूलिप ने लोटस को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच वन रोज व लिलि के बीच खेला गया, जिसमें लिलि ने रोज को 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच वन लिलि व वन ट्यूलिप के बीच खेला गया, जिसमें 7-6 के साथ वन ट्यूलिप विजयी रही। इसी प्रकार कक्षा 2 से प्रथम मैच रोज़ व ट्यूलिप के बीच खेला गया जिसमें रोज़ ने ट्यूलिप को 2-1 से हराया। दूसरी मैच लोट्स व लीली के बीच खेला गया, जिसमें लीली ने लोट्स को 4-3 हराया। फाइनल मैच रोज़ व लिलि के बीच खेला गया, जिसमें रोज ने लिलि को 5-4 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया।



### डेज़ी ने जीता क्रिकेट मैच

क्रिकेट में कक्षा 3 में फाइनल मैच डेज़ी व रोज़ के बीच खेला गया, जिसमें टॉस जीतकर रोज़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 62 रन बनाए। लक्ष्य को डेज़ी ने 4.5 ओवर में ही हासिल कर लिया। डेज़ी से कप्तान अद्वित मैन ऑफ द सीरिज व मैच रहे। 22 गेदों पर 50 रन बनाकर नाबाद रहे।

कक्षा 4 में फाइनल मैच लोट्स व ट्यूलिप के बीच खेला गया, जिसमें लोट्स ने ट्यूलिप को हराया। कक्षा 5 में फाइनल मैच लोट्स व ट्यूलिप के बीच खेला गया, जिसमें लोट्स ने ट्यूलिप को 123 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे ट्यूलिप ने 11 ओवर में ही हासिल कर लिया और सीरिज अपने नाम की।

स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या वर्षा पठानिया, उपप्रधानाचार्या सुनीता मोर, मुख्याध्यापिका सुमन राठी, कोर्डिनेटर रजनी गुलाटी व नीरू खुराना ने विजेता टीमों को बधाई दी।

## शिविर में 260 लोगों के स्वास्थ्य की जांच



**रोहतक।** शहीद कैप्टन दीपक शर्मा मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट व सेकेंड हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी बटालियन रोहतक, एएमएस ग्लोबल स्कूल के तत्वधान शहीद कैप्टन दीपक शर्मा कीर्ति चक्र के शहीदी दिवस पर श्रद्धांजलि सभा, पौधरोपण एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन मॉडल टाउन डबल पार्क पर किया गया। सर्वप्रथम शहीद कैप्टन दीपक शर्मा की प्रतिमा के समक्ष इंदु शर्मा (माता दीपक शर्मा) व परिजनों ने दीप प्रज्वलित कर दीपक शर्मा की शहादत को नमन किया। कार्यवाहक कमान अधिकारी सेकेंड हरियाणा कन्या वाहिनी एनसीसी, कर्नल मनबीर सिंह धनखड़, लेफ्टिनेंट कर्नल अंशुमान, वैश्य एजुकेशन सोसाइटी के प्रधान नवीन कुमार जैन, चक्रवर्ती शर्मा ने कैप्टन दीपक शर्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। एनसीसी कैडेट्स के द्वारा प्रतिमा प्रांगण की साफ सफाई का कार्य किया गया। प्रतिमा को गंगाजल से साफ किया गया। डॉ. सोनिया, डॉ. यशवंत, डॉ. अभिषेक, डॉ. एनके शर्मा, डॉ. धर्मेंद्र यादव, डॉ. अशोक कुमार खुराना की टीम ने 260 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और परामर्श दिया। मंच संचालन सतीश भारद्वाज ने किया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी कर्ण पुरी महाराज, नरेश शर्मा, साहित्यकार डॉ. मधु कांत बंसल, रामकरण शर्मा, पार्षद कदम सिंह अहलावत, एमएल अरोड़ा, हेमंत अत्री, डॉ. राजेश जाले।, श्याम नाथ शर्मा, आशा खत्री, सुंदर जेटली, सीनियर जीसीआई मंजु, जीसीआई गरिमा, सूबेदार शंकर,बीएचएम वेद प्रकाश, हवलदार रवि कुमार, राजीव आदि मौजूद रहे।

### मानव सेवा ही सर्वश्रेष्ठ सेवा : डॉ. महाश्वेता

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय के स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने महिला वृद्धाश्रम में दोपहर के भोजन की सेवा की। प्राचार्या डॉ. महाश्वेता एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्षा डॉ. मोना मल्होत्रा के नेतृत्व में महिला दिवस के उपलक्ष में यह आयोजन किया गया। प्राचार्या ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि हमे मानव सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने माता पिता की सेवा करना इंसान का परम धर्म है लेकिन नैतिकता शायद खतरे में है। इस अवसर पर डॉ. गीता रानी, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. सविता शर्मा, डॉ. सोन किरण, पूनम अत्री, संदीप एवं मंजू उपस्थित रहे।

## एचडी लिटिल में मनाया विंटर कार्निवल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सनसिटी सेक्टर- 35 स्थित एचडी लिटिल ब्लॉसमस स्कूल में विंटर कार्निवल मनाया गया। कार्यक्रम का शुभांरम स्कूल निर्देशक सुरेंद्र फौगाट ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। इसमें विभिन्न कार्यशालाओं जैसे आर्ट एंड क्रॉफ्ट, मैजिक मैथ, पज़ल गेंस, विज्ञान, नृत्य व फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका पुष्पा नेहरा व टोनी ने निभाई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी, चरखी दादरी कृष्णा फौगाट ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ की और अपने बचपन को याद किया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। सम्मानित सदस्य घोधड़ी देवी ने सभी बच्चों को उज्जवल भविष्य कामना की और आशीर्वाद दिया। अतिथिगण में रिटायर्ड एक्सईएन इंजीनियर धर्मवीर, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर एंड सीनियर साइंटिस्ट ऑफ सीएसआईआर वेदपाल देशवाल, जयपाल सिंगरोहा, कुलवंत नेहरा, सुरेश नेहरा, प्रधानाचार्या जगवंती काद्यान आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रगति ने किया। स्कूल निर्देशक सुरेंद्र फौगाट ने छात्रों को प्रोत्साहित किया।




## धन को परमार्थ में लगाएं : केशव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जगदीश कॉलोनी स्थित प्रभुतानंद आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास केशव कृष्ण ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए व्यास ने कहा कि जब तब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते है। भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाहों का रहस्य समझाया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी कपिल पुरी महाराज, संयोजक सुदर्शन मलिक, प्रधान वीबी कॉलेज आफ़ एजुकेशन, प्रवीण निझावन, प्रधान सती मंदिर सांई दास कालोनी, संतोष मलिक, कांता बंसल, मोनिका, सीमा, कमलेश, शशि, नीलम, मंजु, ललिता, रश्मि, ऊषा, वर्षा, बबीता, वीना आदि मौजूद रहे।



## छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में स्वस्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचभ द्वारा किया गया। जिसमें सभी छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। सामान्य अस्पताल से डेंटल सर्जन डॉ. विशाल मोंगिया, डॉ. श्रेया ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें परामर्श भी दिया। जिन छात्राओं में रक्त की कमी पाई गई, उन्हें फोलिक एसिड की दवाइयां वितरित की गई। चिकित्सकों ने सेंधा नमक और काले नमक का प्रयोग करने के फायदे बताए। उन्होंने यह भी बताया कि चीनी, मैदा, नमक सेहत के लिए हानिकारक हैं। इसलिए इनका कम से कम सेवन करना चाहिए। इस अवसर पर रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. दीपिका, डॉ. अंशु, संतोष आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को पिलाई पोलियो खुराक



**रोहतक।** उपकार हाई स्कूल में सोमवार को पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। इस दौरान एएनएम लक्ष्मी और आशा वर्कर कविता ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। उन्होंने बताया कि हरियाणा के सभी जिलों में राष्ट्रीय टीकाकरण पल्स पोलियो अभियान का आरंभ हो गया है। इस अभियान के दौरान सरकार द्वारा 3 से 5 मार्च तक लगभग 35 लाख बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी अभिवावकों से अपने पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलवाने का अनुरोध किया।

### सूचना

मैं, बलबीर सिंह पुत्र श्री बनी सिंह निवासी गांव मदीना गिंधराण तह. महम जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र भुपेन्द्र दांगी व मेरी पुत्रवधु निकी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ‘जनवरी के बाद का भारत’ पर संगोष्ठी का आयोजन

# जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा सदन

- भाविप ने किया जेपी इंटरनेशनल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भारत विकास परिषद की सभी शाखओं ने श्री राम लला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा (22 जनवरी) के बाद का भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन जेपी इंटरनेशनल स्कूल में किया। मुख्य वक्ता डॉक्टर सुरेंद्र जैन अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विश्व हिंदू परिषद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रसेन जैन राष्ट्रीय अध्यक्ष समूह गान प्रतियोगिता भाविप ने की। परिषद के 200 सदस्यों ने संगोष्ठी में भाग लिया। सारा सदन जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठा। डॉक्टर सुरेंद्र जैन ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर 22 जनवरी 2024 के बाद हुए सभी परिवर्तनों को विस्तार पूर्वक रखा। उन्होंने बताया कि किस प्रकार श्री राम लल्ला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा ने सारे देश को एक सूत्र में बांध दिया। आज पूरा विश्व हिंदू धर्म की ओर देख रहा है कि यदि संपूर्ण वैश्विक समस्याओं का समाधान कहीं से निकल सकता है तो वह हिंदू धर्म है। आने वाला समय भारत का होगा और संपूर्ण विश्व में हिंदू धर्म राह दिखाएगा। चंद्रसेन जैन ने भारत विकास परिषद ने कहा कि ऐसी संगोष्ठी समय समय पर आयोजित की जानी चाहिए। प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता ने भी प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में व पूरे देश में हुए परिवर्तनों का जिक्र किया।



### ये रहे मौजूद

मौके पर प्रांत महासचिव विजय रोहिल्ला, डॉक्टर सीमा शर्मा, दीपक जिंदल, राजीव मलिक एमडी जेपी इंटरनेशल स्कूल, विनीत अग्घी जिला सह समन्वयक, देवेंद्र गोयल, सुरेश बंसल, गीता गुप्ता, अशोक बंसल, अशोक तनेजा, मनोज बहल, नीरज बंसल, सतनाम सिंह भयाना, बिजेंद्र जैन, अमित मित्तल आदि उपस्थित रहे।

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, नि:संतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बैसमेंट के अंदर।

### अदालती ईश्तहार
### न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा जयभगवान बनाम जगबीर आदि बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नंबर-666//504, खतौनी नंबर-681, तादादी वाका मौजा मदीना गिंधराण, तहसील महम जिला रोहतक इस न्यायालय में लंबित है। प्रतिवादी 1. जगबीर पुत्र प्रताप पुत्र रामसरूप, 2. प्रमिल कुमार पुत्र आजाद सिंह पुत्र रामसरूप, 3. सतनारायण पुत्र जगत सिंह पुत्र प्रताप, 4. जसदीप पुत्र मंगत पुत्र रामसरूप, 5. जसबीर पुत्र मंगत पुत्र रामसरूप, 6. श्रीमति सविता पत्नी सुरेश कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह, 7. जितेन्द्र पुत्र सतबीर पुत्र प्रताप, 8. जसवीर पुत्र मंगत पुत्र रामसरूप, 9. हिमांशु पुत्र सोमबीर पुत्र मंगत राम, सभी निवासी मदीना गिंधराण तहसील महम जिला रोहतक को बजरीये समन तलब किया जा चुका है। परंतु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पहुँचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है। इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरीये अखबार ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक-21.03.2024, को इस न्यायालय में स्वयं या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अतः 4/3/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया है।

हस्ता/-
सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

### अदालती ईश्तहार
### न्यायालय श्रीमान सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, महम।

इस अदालती ईश्तहार द्वारा सर्वसाधाण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा धर्मबीर बनाम महाबीरआदि बाबत खेवट तकसीम करवाने खेवट नम्बर 260//233 खतोनी नं० 269 वाक्या रकबा मौजा खेड़ी महम तहसील महम जिला रोहतक, इस न्यायलय में लम्बित है। प्रतिवादी नम्बर : 4

1. महेन्द्र पुत्र श्री अभेराम पुत्र श्री मेहरचन्द निवासीगण खेड़ी महम तहसील महम जिला रोहतक।

को बजरिये समन तलब किया जा चुका है। परन्तु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है । न्यायलय इस निष्कर्ष पर पंहुचा है कि प्रतिवादी कि तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरिये अखबार ईश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 19-03-2024 को इस न्यायलय में स्वंय या अपने वकील के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अतः: 19/2/2024 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायायल से जारी किया गया है।

हस्ता/-
सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, महम

## खबर संक्षेप



### रोहतक की नैना ने जीता सिल्वर मेडल

**रोहतक।** असम के गुवाहाटी में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम बॉक्सिंग स्पर्धा में रोहतक की नैना ने सिल्वर मेडल जीता है। इन्होंने जीत का श्रेय अपने कोच सुधीर हुड्डा को दिया। जिनके मार्गदर्शन में उन्हें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। इससे पहले भी इन्होंने नेशनल गेम में स्वर्ण पदक हासिल किया था। कोच सुधीर हुड्डा ने उन्हें शुभकामना दी



### राम मंदिर देश की सांस्कृतिक धरोहर

**रोहतक।** हजारों यात्रियों का जत्था रोहतक रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। जिसका प्रबंधन जिला भाजपा ने किया था। जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका की अध्यक्षता में प्रदेश संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर विदा किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि राम हमारे राष्ट्र पुरूष हैं और राममंदिर देश की सांस्कृतिक धरोहर है। जिलाध्यक्ष रणवीर ढाका ने कहा कि हमारे लिए गौरव का क्षण है कि हम राम भक्तों के लिए यह प्रबन्ध कर पाए हैं, भविष्य में दर्जनों ट्रेनों का प्रबंध किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक सरिता नारायण, जिला महामंत्री आशा शर्मा, डॉ. अशोक रंगा, नवीन ढुल, सतीश चौधरी, वजीर खोखर, रॉकी सहगल, विकास पंवार, उषा शर्मा, सुनील राठौड़, ईश्वर भारतीय, गगन हरियाणवी आदि मौजूद रहे।

### हमले की वारदात में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने सांघी निवासी तीन युवकों पर हुए जानलेवा हमले की वारदात में दो आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर हासिल कर गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर जेल भेजा गया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि सांघी निवासी विशाल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 1 अगस्त 2023 को विशाल अपने भाई विक्की व अपने दोस्त संजीव के साथ बाइक पर अपने घर की तरफ जा रहे थे। विक्की अपने भाई व दोस्त के साथ गांव के दूदयान पाना चौक से आगे ब्राह्मण वाली चौपाल के पास पहुंचे तो पीछे से बाइक पर दो युवक आए। अज्ञात युवक ने विशाल के भाई विक्की पर फायर कर दिया।

# किसानों ने दूसरे दिन भी की डीसी कार्यालय पर नारेबाजी

## विरोध के बावजूद सरकार ने खोला क्षतिपूर्ति पोर्टल, 10 तक रहेगा खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे के लिए सोमवार को दर्जनों गावों के किसान उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। फसल खराबे में ऑनलाइन पोर्टल की शर्तो में उलझे किसानों ने प्रशासन से स्पेशल गिरदावरी करने की मांग की। ताकि किसानों को मुआवजा मिल सके। इस मौके पर एसडीएम, तहसीलदार एडीसी,जिला राजस्व अधिकारी,और कृषि अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

बीते रविवार को भी किसान डीसी आवास पर पहुंचे थे। किसान सभा महासचिव सुमित दलाल ने बताया की 2 मार्च को जो ओलावृष्टि हुई उसने किसानो को पूरी तरह बर्बाद कर दिया , ऐसी ओलावृष्टि कभी नहीं देखी गई ,इस फसल बर्बादी के चलते किसानो के पास अपने खुद के लिए भी अनाज नहीं है खाने को । ऐसे में सरकार भी किसानों की मजबूरी को समझने की बजाय उन्हें ऑनलाइन के झंझट में फंसाना चाहती है।

प्रदर्शन में शामिल पंचायतों ने इन ऑनलाइन,पोर्टल आदि की शर्तो को हटाने की मांग की है क्यूंकि इस पोर्टल की वजह से ही किसानों का खरीफ 2023 ,और रबी 2023 का ओलावृष्टि और बारिश का मुआवजा आज तक किसानों को नहीं मिला ,ऐसे में किसानो को इन ऑनलाइन , पोर्टल की सरकारी व्यवस्था पर कोई विश्वास नहीं है। आक्रोशित किसानों ने कहा कि वर्तमान में सरकार 100 प्रतिशत नुकसान पर प्रति एकड़ मात्र 15 हजार रुपये मुआवजा मिलता है। इससे किसानों का लगता खर्च भी नही निकल पाता। जो गिरदावरी प्रशासन करता है उसमे भी गड़बड़ की जाती है। नुकसान ज्यादा होता है परंतु अधिकारी उसे कम दिखा देते हैं। किसानों ने जल्द से जल्द गिरदावरी का कार्य पूरा करने और समयबद्ध ढंग से मुआवजा देने की मांग की है । फसल बीमा योजना में बीमित किसानों के लिए शिकायत देने समय 72 घंटे की बजाय एक हफ्ता किया जाए और बीमित किसानों की शिकायतों का निपटारा कार्यालय द्वारा किया जाएं।

किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बाद में जिला राजस्व अधिकारी, एसडीएम, एडीसी मैडम,रोहतक तहसीलदार ,जिला कृषि अधिकारी के साथ मुद्दो पर विस्तृत बातचीत की। इस मौके पर बखेता,खेड़ी साध, रुड़की, मुंगान ,कंसाला,खरावड़, नौनंद, अटायल,पोलंगी, पाकस्मा, गढ़ी बोहर,बलम,बनियानी, गरनावठी , माड़ौधी, भालौठ, गुढान, कन्हेली,पहरावर, बलियाना, कसरेंटी,कटेसरा आदि गावों से किसान सभा जिला प्रधान प्रीत सिंह ,मायना सरपंच प्रवीण , सितेंद्र सरपंच आसान, चुलाना सरपंच सुंदर ,कंसाला सरपंच राजू,हमायुपुर सरपंच अमित सरपंच , रुड़की सरपंच वीरेंद्र ,अशोक राठी,कृष्ण,नवीन , ढीलू,राजेश,सुभाष, राजेंद्र, सुखबीर, जगबीर, धर्मवीर, जोगेंद्र, सतबीर प्रधान आदि शामिल रहे।






**रोहतक।** लघु सचिवालय के बाहर अधिकारियों को अपनी बात कहते हुए किसान और सचिवालय के सभागार में किसान प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए अतिरिक्त

### प्रभावित किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर करें रजिस्ट्रेशन

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने जिला के किसानों से अनुरोध किया है कि वे ओलावृष्टि की वजह से नष्ट हुई फसलों का ब्यौरा की ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अवश्य दर्ज करवाएं। वैशाली सिंह सोमवार को सचिवालय के सभागार में किसान प्रतिनिधियों से बातचीत कर रही थीं। उन्होंनेने बताया कि ओलावृष्टिं के बाद जिला में अब तक 2723.26 एकड़ कृषि भूमि के लिए 774 किसानों ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा दिया है। शेष किसानों से भी आग्रह किया गया है कि वे जल्द से जल्द पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाएं ताकि जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला जा चुका है और यह 10 मार्च तक खुला रहेगा। इसलिए किसान जल्द से जल्द पोर्टल पर नष्ट हुई फसलों का ब्यौरा दें। उन्होंने बताया कि किसान इस संबंध में अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसके अलावा किसान की सुविधा हेतु जिला की सभी तहसीलों में हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं जो किसान कॉमन सर्विस सेंटर पर नहीं जा सकते हैं, वे तहसील स्तर पर स्थापित किए गए हेल्प डेस्क पर जाकर भी अपने नुकसान का ब्यौरा दर्ज करवा सकते हैं। वैशाली सिंह ने कहा कि नुकसान का आंकलन करने के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया गया है।



# प्रधानमंत्री मोदी चाहिए या राहुल गांधी : मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

■ न्यू जनता कॉलोनी में शक्ति प्रमुख केंद्र की नुक्कड़ सभा की

पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने न्यू जनता कॉलोनी में नुक्कड़ सभा की। उन्होंने लोगों से पूछा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी चाहिए या राहुल गांधी। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को नई दिशा देने का काम किया है। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में लोगों ने तय करना है कि प्रधानमंत्री मोदी को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाते हुए सीटें दिलाने का काम करेंगे।

न्यू जनता कॉलोनी में शक्ति केंद्र की नुक्कड़ सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि 2024 का चुनाव देश की युवा पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। देश को विकसित बनाने का चुनाव है। देश की बाकी समस्याओं के निपटारे का चुनाव है। पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक फैसले लेकर न सिर्फ देश की जनता का दिल जीता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश को नई दिशा दिखाने का काम किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रिकॉर्ड सरकारी नौकरियां देकर युवाओं का उत्साह बढ़ाने का काम किया है। आज बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां मिल रही हैं। वहीं, कांग्रेस के दौर में सिफारिश से युवाओं को नौकरियां दी जाती थी और पढ़ने वाले बच्चे पीछे रह जाते थे। आज गरीब परिवार को आयुष्मान के माध्यम से 5 लाख रुपए के स्वास्थ्य का लाभ दिया जा रहा है।

इस मौके पर कॉलोनी के लोगों ने पूर्व मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी ईश्वर सिंगल, मंडल अध्यक्ष जय भगवान जांगड़ा, प्रशांत राणा, नवीन कुमार, नवीन शर्मा, नीरज जांगड़ा, दीपक कौशिक, अशोक उर्फ नोरंग, संसार, नवनीतविनोद, सुमित, सरला, अंकित, अंकुश और संतोष आदि मौजूद रहे।



### पुलिस अधिकारियों-जवानों ने पुलिस लाइन थाना-चौकी में चलाया सफाई अभियान

**रोहतक।** एसपी हिमांशु गर्ग के दिशानिर्देशों के अनुसार सोमवार को पुलिस द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें जिला पुलिस के जवानों ने भाग लिया तथा लाइन परिसर की सफाई की। इसके अलावा थाना-चौकियों में भी सफ़ाई अभियान चलाया गया है। सफाई अभियान में महिला कर्मचारियों ने भी बढ-चढ़कर भाग लिया है। मैदान, पार्क, छतों पर सफाई की गई। पुलिस लाइन, थाना-चौकी में कूड़े कचरे को इकट्ठा कर साफ़ सफाई की गई। एसपी हिमांशु गर्ग ने कहा कि हम सभी को अपने आस-पास साफ सफ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। सभी को अपने कार्यस्थलों तथा रिहायशी स्थानों पर निरंतर सफाई अभियान चलाते रहना चाहिए ताकि हम स्वच्छ वातावरण में काम कर सके तथा रह सके।

# नदियों, नहरों को प्रदूषित न करें : संत डॉ. अवधेश पुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सुनो नहरों की पुकार मिशन के बीच संत डॉ. अवधेश पुरी महाराज स्वास्तिक पीठाधीस उज्जेन ( मध्यप्रदेश ) पहुंचे। मिशन के मुख्य संरक्षक डॉ. जसमेर सिंह हुड्डा, संरक्षक दीपक छारा, महासचिव मुकेश नैनकवाल, मिशन के सीनियर सदस्य डॉ. रविंद्र नादल, प्रीत सिंह अहलावत, रघुवेंद्र मलिक, राजबीर मलिक, कैप्टन जगबीर, कर्ण सिंह अहलवात ने स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया।डॉ. जसमेर सिंह और दीपक छारा ने बताया कि मिशन में 100 से ज्यादा लोग सक्रिय रहते हैं, विद्यार्थी, सरकारी कर्मचारी, रिटायर्ड कर्मचारी, महिलाएं आदि शामिल हैं। डॉ. अवधेश पुरी महाराज ने कहा कि जल को प्रदूषित करना सही नहीं है। उन्होंने मिशन द्वारा उठाए गए इस कदम की सहाराना की। उन्होंने जनता से अपील की कि नहरों, नदियों में सामान ना डालें।



### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर साहिब सिंह धामड, वेदपाल नैन, मनोज सहरावत, प्रदीप हुड्डा, राजबीर राज्यन, मनोज, अशोक मलिक, जतिन मलिक, कमल शर्मा, अंशु नांदल, वंश कौशिक आदि उपस्थित रहे ।

# यौन शोषण के विरूद्ध लड़नी होगी सामूहिक लड़ाई : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन नीरजा कुलवंत कलसन तथा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य दंडाधिकारी अनिल कौशिक के मार्गदर्शन में वैश्य कालेज आफ लॉ में यौन शोषण के विरूद्ध संघर्ष का विश्व दिवस की वेला पर कानूनी जागरूकता एवं साक्षरता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण रोहतक के पैनल के वरिष्ठ अधिवक्ता राजबीर कश्यप ने बताया कि इस दिन का उद्देश्य महिलाओं को यौन शोषण के विरूद्ध आवाज बुलंद करने के लिए प्रेरित करना है। यौन शोषण की समस्या केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में है। कई स्थान दूसरों की तुलना में अधिक असुरक्षित है, इनमें दक्षिण पूर्व एशिया, पूर्वी यूरोप और कुछ लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई देशों के क्षेत्र शामिल हैं। यूनिसेफ का अनुमान है कि दुनियाभर में तीन मिलियन से अधिक बच्चे वेश्यावृत्ति से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का अनुमान है कि यौन शोषण के लिए हर साल लगभग दस लाख लोगों की तस्करी की जाती है। इस गंभीर समस्या से निजात पाने के लिए हर नागरिक को यौन शोषण के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर आगे आना होगा।



# शिविर में 50 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

देश भक्ति स्मारक स्थल पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्र देवो भव मिशन अध्यक्ष संत बाबा सुखा शाह महाराज ने बताया कि शिविर में 50 लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर दीपू नागपाल समाजसेवी को युवा जिलाध्यक्ष भाजपा नियुक्त करने के उपलक्ष में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि दीपू नागपाल ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बाबा सुखा शाह ने बताया कि रक्तदान से शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि इससे हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 महीने के बाद रक्तदान अवश्य करना चाहिए।




### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पप्पू हंस समाजसेवी, पंकज कपूर, डाक्टर निर्मल, सुरेंद्र, सतपाल शर्मा, बलदेव, अमित मक्कड़, हरीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दौड़ में अंशु रहा सबसे आगे कबड्डी में शुभम की टीम जीती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में सोमवार को गांव निंदाना में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न खेलों में बच्चों ने हिस्सा लिया। इसमें 100 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि केसीएम स्कूल प्रिंसिपल महेंद्र शर्मा रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश कंबोज, कालू कोच , विक्की कोच, राजबीर और मनोज अहलावत रहे। प्रतियोगिता में 100मी. रेस, कब्बड्डी, लंबी कूद आदि खेल शामिल थे। जिसमे कब्बड्डी में शुभम एंड टीम 5 प्वाइंट से विजेता रही। रेस में प्रथम अंशु, द्वितीय शुभम और तृतीय अंतिम रहे।

लंबी कूद में लक्ष्य प्रथम, नैतिक द्वितीय और कर्ण तृतीय रहे। सभी विजेता खिलाडिय़ों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला युवा अधिकारी आशीष सांगवान ने कहा कि इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण आंचल के युवाओं को खेल के लिए प्रेरित करना है। गुरूकुल एकेडमी के संचालक पवन राठी, महेंद्र शर्मा, राकेश कंबोज, अंकित खन्ना, मनोज अहलावत, राजबीर, विक्की कोच, कालू कोच, कुनाल, नितिन, सौरभ, शुभम, लाला समेत अन्य अभिभावक और ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की।



### स्वीटी बूरा ने मैराथन दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**रोहतक।** एक दौड़ राष्ट्र के नाम, एक दौड़ मोदी के नाम थीम के साथ रोहतक शहर की नारी शक्ति सोमवार सुबह सड़क पर उतरी। प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में नारे लगाए और 2024 में फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इससे पहले मैराथन को अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर खिलाड़ी व भाजपा नेत्री स्वीटी बूरा ने हरी झंडी दिखाई। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा शर्मा, पूर्व विधायक सरिता नारायण, पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष प्रतिभा सुमन और सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर की पुत्रवधू सौम्या ग्रोवर समेत सैकड़ों महिलाओं ने शिरकत की। महिलाओं ने मैराथन में शिरकत करते हुए भिवानी स्टैंड तक दौड़ लगाई। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी स्वीटी बूरा ने कहा कि भाजपा ने नारी शक्ति के लिए अनेक बड़े फैसले लेने का काम किया है। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा शर्मा ने कहा कि चुनाव को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह है। जिस दिन लोस चुनाव के वोट डाले जाएंगे, महिलाएं बढ़. चढ़कर प्रधानमंत्री मोदी को फिर से चुनने का काम करेंगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

### वालिंटियर्स ने निकाली जन जागरूकता रैली

# नशामुक्त समाज के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जाट कालेज के एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन वालंटियर्स ने गांव गढ़ी बोहर की गलियों में जन जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को जल बचाने, पर्यावरण बचाने के साथ-साथ नशामुक्त समाज बनाने के प्रति जागरूक किया।

गांव गढ़ी बोहर की सामुदायिक चौपाल में मुख्यवक्ताओं का स्वागत कालेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी व कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया। प्रातः कालीन सत्र में हार्टफुलनेस मैडीटेशन संस्था द्वारा वालंटियर्स का फूलसिंह ढाका व ब्रिगेडियर एमएस हुड्डा ने मेडीटेशन करवा कर तनाव मुक्त रहने के जानकारी दी गई। दूसरे सत्र में कॉलेज प्राचार्या डॉ. शबनम राठी ने गढ़ी बोहर में जागरूकता रैली के लिए स्वयं सेवकों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जल बचाओ-जीवन बचाओ, जल है तो कल है, पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ जैसे विभिन्न नारों से ग्रामीणों को जागरूकता संदेश दिया। सांयकालीन सत्र में गांव की सामुदायिक चौपाल में दो ज्ञानवर्धक व्याख्यान रखे गये जिसमें पर्यावरणविद डॉ. रविन्द्र नांदल ने जल संरक्षण के लिए मिशन 2070. के बारे में बताया।

वही, पूर्व सैनिक कैप्टन जगबीर मलिक ने बताया कि सेनाओं में किस प्रकार करियर बनाकर अपना भविष्य बना सकते हैं। साथ ही सभी स्वयंसेवकों को नशा न करने और जल बचाने के प्रति शपथ दिलायी गई। कैंप में मंच संचालन डॉ. जसमेर हुड्डा व एनएसएस स्वयंसेवको ने किया। सभी वक्ताओं का धन्यवाद एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुशीला डबास ने किया।





### महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती की पूर्व संध्या पर सुंदरपुर में निकाली गई वेद प्रचार यात्रा

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द सरस्वती की 200वीं जयन्ती की पूर्व संध्या में दर्शन योग महाविद्यालय (महात्मा प्रभु आश्रित कुटिया) सुंदरपुर एवं आदर्श गुरुकुल सिंहपुरा सुंदरपुर के संयुक्त तत्वाधान गांव सुंदरपुर में वेद प्रचार यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने महर्षि के कार्यों का वर्णन करते हुए नारे लगाए। गुरुकुल सिंहपुरा के प्राचार्य अभय आर्य ने अनेक स्थानों पर भद्रपुरुषों, माताओं, बहनों एवं युवाओं को महर्षि दयानंद के जीवन के विषय में बताया एवं वर्तमान में समाज सुधार के लिए आर्य समाज की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। शम्भू मित्र शास्त्री ने कहा कि पाखंड समाज को खोखला कर रहा है, वेद ही सत्य धर्म है, गायत्री मंत्र का जप करना चाहिए और वेद सबको पढ़ने का अधिकार है। यात्रा का नेतृत्व आचार्य अभय ने किया।